# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

**सिद्धार्थनगर–272202 उ०प्र०(भारत)**

Website : www.suksn.edu.in, Email Id: registrarsidduniv@gmail.com

पत्रांक 795 /कु0का0/सि0वि0वि0/2025 दिनांक 17/10/2025

सेवा में,

**समस्त प्राचार्य/प्राचार्या**
**बी0एड0 संचालित**
**सम्बद्ध महाविद्यालय,**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,**
**सिद्धार्थनगर।**

**विषयः सत्र 2025–26 में काउसिंलिंग के माध्यम से आवंटित बी0एड0 छात्रों का SURN पंजीकरण एवं प्रवेश किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक उ0प्र0 बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2025 के आयोजक बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी द्वारा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के अन्तर्गत समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों में काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात वर्तमान सत्र में राज्य विश्वविद्यालय के अन्तर्गत सभी प्रवेश सम्बन्धी कार्य समर्थ पोर्टल के माध्यम से पूरित किया जाना है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार वर्तमान सत्र में काउंसिलिंग से प्रवेश प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों का समर्थ **पोर्टल पर SURN पंजीकरण एवं प्रवेश** हेतु **पोर्टल दिनांक 18–10–2025 से दिनांक 30–10–2025 तक** खोला जा रहा है। उक्त निर्धारित तिथि तक **SURN पंजीकरण एवं प्रवेश** प्रक्रिया पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.suksn.edu.in पर अवलोकित किया जा सकता है।

भवदीय

17.10.25
कुलसचिव

पत्रांक /तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1–समस्त सम्बन्धित।
2–संकायाध्यक्ष–शिक्षा, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3–जनसम्पर्क/सूचना अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4–प्रभारी गोपनीय/कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के लॉगिन पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
5–निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6–सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव